दिनांक 17.03.24 स्वच्छ. सुन्दर भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र मे सम्पत्ति विरूपण

भिलाईनगर/ लोकसभा निर्वाचन के धोषण के साथ ही भिलाई निगम क्षेत्र से 5843 स्थानो से सम्पत्ति विरूपण नियम के तहत बेनर,पोस्टर, तोरण,झण्डे को हटाया गया तथा दीवार लेखन को मिटाया गया। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम सभागार में अधिकारियो की.बैठक लेकर कहा था कि लोकसभा निर्वाचन हेतु निगम क्षेत्र में प्रभावशील आर्दश आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए सम्पूर्ण क्षेत्र में लगे राजनैतिक बेनर, पोस्टर, झण्डे,तोरण,दीवार लेखन को तत्काल हटा लिए जाए ।

निगम प्रशासन द्वारा सभी जोन क्षेत्र में सम्पत्ति विरूपण की कार्रवाई हेतु दो टीम का गठन कर जी.ई.रोड,बाजार क्षेत्र, शहर के मुख्य चौक चौराहे, मुख्य मार्ग , तथा अंदरूनी सडको मे लगाये गये 4982 पोस्टर , 260 स्थानो में लगे बेनर ,29 तोरण एवं अन्य राजनीति पार्टी के प्रचार प्रसार सामाग्री को हटाया गया है। इसी प्रकार 572 स्थानो से पुल पुलिया तथा अन्य.स्थानो पर किये गये राजनैतिक दीवार लेखन को गेरू से मिटाया गया।

सम्पत्ति विरूपण के दौरान जोन 3 के टीम ने जगह जगह लगे धार्मिक झण्डे तथा तोरण को सुरक्षित उतार कर मंदिर समिति को.सौपा तो पुजारी ने निगम प्रशासन की टीम का प्रशंसा करते धन्यवाद ज्ञापित किया